संलग्नक –4

संयुक्त निरीक्षण आख्या

यह परियोजना, मै0 इण्डियन आयल का0लि0 मुरादाबाद द्वारा ग्राम छजूपुरा सैद तहसील व जिला बिजनौर की खसरा संख्या–217क एवं 218 में पैट्रोल/डीजल पम्प के निर्माण से संबंधित है, जो बिजनौर–नूरपुर प्रान्तीय राजमार्ग संख्या–76 किमी0 17.127 की दांयी पटरी पर पैट्रोल/डीजल पम्प का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। प्रश्नगत पैट्रोल/डीजल पम्प के निर्माण हेतु स्थल का संयुक्त निरीक्षण दिनांक 11–05–2015 को क्षेत्रीय वन अधिकारी बिजनौर एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी बिजनौर तथा याचक विभाग के साथ किया गया। मौके के निरीक्षण से यह स्पष्ट है कि पैट्रोल/डीजल पम्प के प्रवेश एवं निकास मार्ग में वृक्ष बाधक नहीं हैं। प्रवेश एवं निकास मार्ग के मध्य 04 वृक्ष यूकेलिप्टस अवस्थित है। इस परियोजना के 0.0750 हेक्टेयर वन भूमि पर लोक निर्माण विभाग, बिजनौर का स्वामित्व है तथा वन विभाग का संरक्षित वन क्षेत्र हैं। सम्यक विचारोपरान्त पाया गया कि प्रश्नगत संरक्षित वन भूमि के अतिरिक्त कोई विकल्प नही है और मांगी गयी संरक्षित वन भूमि योजना की आवश्यकता को देखते हुए न्यूनतम है।

(विजय सिंह)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
बिजनौर।

दिनांक
स्थान – बिजनौर

26/5/15
ए0एम0(आर0एस0) नजीबाबाद एस0ए0
इण्डियन आयल का0लि0, नजीबाबाद।

क्षेत्रीय वन अधिकारी
बिजनौर

उप प्रभागीय वनाधिकारी
उपवन प्रभाग, बिजनौर